केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब www.bhartiyabasti.com और उसका छपा संस्करण सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 296 सोमवार 20 मई 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com


## एक नजर

### भाजपा कार्यालय नहीं घेर पाये केजरीवाल



नई दिल्ली (आभा)। आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ रविवार को दिल्ली में मौजूद बीजेपी मुख्यालय तक मार्च निकालने की कोशिश की। हालांकि, पुलिस के आला सुरक्षा बंदोबस्त की वजह से वो आम आदमी पार्टी के मुख्यालय से आगे नहीं बढ़ पाए।

मार्च निकालने से पहले उन्होंने आम आदमी पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और कहा कि केंद्र की मोदी सरकार आम आदमी पार्टी को एक खतरे की तरह देखती है। उन्होंने बीजेपी पर 'ऑपरेशन झाड़ू' चलाने का आरोप लगाया और कहा कि 'प्रधानमंत्री ने ये सोच लिया है कि वो आम आदमी पार्टी को पूरी तरह खत्म कर देना चाहते हैं।

### हादसे में चालक की मौत

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बनकटी (बस्ती)। मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के खजौला चौकी के अन्तर्गत रविवार को दिन मे लगभग दो बजे एन एच 28 पर खजौला ग्राम के पास वाहन संख्या यूपी 51 बी एफ 7924पल्सर चालक रियासत अली पुत्र वलाकात हुसैन ग्राम परसा हज्जाम थाना मुंडेरवा जनपद बस्ती को बस्ती से गोरखपुर की लेन पर जाते समय अनियंत्रित होकर रोड के किनारे खड़े खंभे से टकरा गया जिससे उन्हें गंभीर चोटे आई । घटना की सूचना पाकर चौकी प्रभारी खजौला दिलीप कुमार सिंह मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस के माध्यम से दवा इलाज हेतु जिला अस्पताल बस्ती भिजवाया । अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### 3363 कर्मचारियों ने किया मतदान

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। किसान पीजी कॉलेज में बने पांच बूथों पर 3363 कर्मचारियों ने मतदान किया। इन कर्मचारियों को किसान पीजी कॉलेज व इंटर कॉलेज के 16 कमरों में प्रशिक्षण चल रहा है।

प्रशिक्षण के पहले दिन 14 मई को 402, दूसरे दिन 15 मई को 695, तीसरे दिन 16 मई को 731, चौथे दिन 17 मई को 752 और पांचवे दिन 18 मई को 783 कार्मिकों ने मतदान किया। हर्रैया विधानसभा क्षेत्र के 554, कप्तानगंज के 809, रुधौली के 551, बस्ती सदर के 782, महादेवा के 613 और अन्य जनपद के 54 मतदाताओं ने वोट दिया।

### भाजपा प्रत्याशी ने किया चुनाव में सर्वाधिक खर्च

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। जिला निर्वाचन कार्यालय ने चुनाव लड़ रहे नौ उम्मीदवारों का दूसरी बार खर्च रजिस्टर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सामने आया कि अब तक भाजपा उम्मीदवार ने सर्वाधिक धनराशि खर्च की है। मुख्य कोषाधिकारी अशोक कुमार प्रजापति ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी ने 35 लाख 30 हजार 912 रुपये खर्च किया।

सपा प्रत्याशी रामप्रसाद चौधरी ने 30 लाख 24 हजार 958 का खर्च किया। बसपा के लवकुश पटेल ने नौ लाख 34 हजार छह, पंकज दुबे ने 48 हजार 168, प्रेम कुमार ने 55 हजार 847, शैलेन्द्र कुमार ने तीन लाख 23 हजार 181, हाफिज अली 67 हजार 425, प्रमोद कुमार ने 28 हजार 575 और रामकरन ने 66 हजार 895 रुपये खर्च किया है।

# लोकसभा चुनाव के 5 वें चरण में 49 सीटों पर मतदान 20 को





नई दिल्ली (आभा)। लोकसभा चुनाव के 5वें चरण में सोमवार को 8 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 49 संसदीय सीटों पर मतदान होगा। ओडिशा विधानसभा के दूसरे चरण के लिए भी 35 सीटों पर वोटिंग होनी है। इसे लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चुनाव आयोग ने रविवार को विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक कराया जाएगा। कुछ मतदान केंद्रों में मतदान समाप्त होने की समय सीमा में परिवर्तन हो सकता है। इस चरण में 49 लोकसभा सीटों पर 695 उम्मीदवारों और ओडिशा विधानसभा के दूसरे चरण के लिए 35 सीटों पर उतरे 265 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। ओडिशा विधानसभा की 147 सीटों में से पहले चरण में 13 मई को 28 सीटों पर मतदान हो चुका है।

चुनाव आयोग ने मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए हैं। अधिकारियों को भीषण गर्मी और लू जैसे हालात को देखते हुए पर्याप्त उपाय करने की सलाह दी गई है। चुनाव कर्मियों को मशीनों और सामग्री के साथ उनके संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना कर दिया गया है। साथ ही यह सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं कि मतदान आरामदायक और सुरक्षित वातावरण में हो। मतदान केंद्र पर पर्याप्त छाया, पेयजल, रैंप, शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधाएं हों। आयोग ने मतदाताओं से अधिक संख्या में मतदान केंद्रों पर आने और जिम्मेदारी और गर्व के साथ मतदान करने का आह्वान किया है।

आयोग की ओर से रविवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, 8 राज्यः केंद्र–शासित प्रदेशों की कुल 49 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 8.95 करोड़ मतदाता 94,732 मतंदान केंद्रों पर वोट डालेंगे। ये लोग 695 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला तय कर सकेंगे। इनमें 4.69 करोड़ पुरुष, 4.26 करोड़ महिला और 5409 उभयलिंगी मतदाता अपने मताधिकार शामिल हैं। इस चरण की 49 संसदीय सीटों में सामान्य श्रेणी की 39, अनुसूचित जनजाति 3 और अनुसूचित जाति की 7 सीटें हैं। ओडिशा विधानसभा की 35 सीटों में सामान्य श्रेणी की 21, अनुसूचित जनजाति के लिए 8 और अनुसूचित जाति की 6 सीटें हैं।

आयोग ने कहा कि मतदान और सुरक्षा अधिकारियों को पहुंचाने के लिए 17 विशेष रेलगाड़ियां और 508 हेलीकॉप्टर उड़ानें संचालित की गई हैं। मतदाताओं को किसी भी प्रकार के प्रलोभन देने से सख्ती से और तेजी से निपटने के लिए कुल 2000 उड़न दस्ते, 2105 स्टेटिक निगरानी टीमें, 881 वीडियो निगरानी टीमें और 502 वीडियो देखने वाली टीमें चौबीसों घंटे निगरानी रख रही हैं। आंकड़ों के अनुसार, 5वें चरण के लिए 85 वर्ष से अधिक उम्र के 7.81 लाख से अधिक पंजीकृत, 7.03 लाख दिव्यांग और 100 साल से अधिक उम्र के 24,792 मतदाता हैं, जिन्हें अपने घर से आराम से मतदान करने का विकल्प प्रदान किया गया है। वैकल्पिक होम वोटिंग सुविधा को पहले से ही काफी सराहना और प्रतिक्रिया मिल रही है। 5वें चरण में जिन आठ राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के संसदीय सीटों के लिये मतदान होगा, उनमें उत्तर प्रदेश की 14, महाराष्ट्र की 13, पश्चिम बंगाल की सात, ओडिशा और बिहार की पांच–पांच, झारखंड की तीन और जम्मू–कश्मीर और लद्दाख की एक–एक सीट है।

लोकसभा चुनाव के 5वें चरण में उत्तर प्रदेश की जिन 14 सीटों पर सोमवार को मतदान होगा। केंद्रशासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर के बारामूला और लद्दाख की एक मात्र संसदीय सीट के लिए मतदान होगा। बिहार में जिन 5 सीटों पर चुनाव होना है, इनमें मधुबनी, सीतामढ़ी, सारण, मुजफ्फरपुर और हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र हैं। इसके अलावा ओडिशा में बरगढ़, सुंदरगढ़, बोलांगीर, कंधमाल और अस्का, झारखंड में चतरा, कोडरमा और हजारीबाग, पश्चिम बंगाल में बनगांव, बैरकपुर, हावड़ा, उलूबेरिया, श्रीरामपुर, हुगली और आरामबाग है।

**इस चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, जम्मू–कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, साध्वी निरंजन ज्योति, कौशल किशोर, डॉ प्रवीण भारती पवार, शान्तनु ठाकुर, कपिल पाटिल, अन्नपूर्णा देवी, भाजपा नेता राजीव प्रताप रूड़ी और राष्ट्रीय जनता दल की रोहिणी आचार्य शामिल हैं।**

# अनियंत्रित ट्रक घर में घुसा, मकान मालिक घायल

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। फोरलेन पर रविवार की भोर में गोरखपुर से लखनऊ की तरफ जा रही एक ट्रक अनियंत्रित होकर तिलकपुर मंदिर के पास हाईवे किनारे एक घर में घुस गया। जिससे मकान का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बरामदे में सो रहे मकान मालिक रिटायर्ड शिक्षक 68 वर्षीय जयप्रकाश मिश्र गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रक चालक



मौके से भाग गया। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। रिटायर्ड शिक्षक का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

घटना भोर में तकरीबन 5रू 30 बजे की बताई जा रही है। बताया जाता है गोरखपुर से लखनऊ की तरफ जा रहे ट्रक चालक को झपकी आ गई और ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे बिजली के पोल और पेड़ों को उखाड़ते हुए एक घर में घुस गया। इसहादसे में घर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। जबकि पूरा मकान हिल गया।

बरामदे में रिटायर्ड शिक्षक 68 वर्षीय जयप्रकाश मिश्र पुत्र गंगा प्रसाद मिश्र तख्त पर बैइकर चाय पी रहे थे। वह भी ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर जुटे लोगों ने आनन–फानन में शिक्षक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर चौकी इंचार्ज फुटहिया दुर्गा प्रसाद पाण्डेय मौके पर पहुंचे और परिजनों से तहरीर देने की बात कही।

# राहुल–अखिलेश की सभा में बैरिकेडिंग तोड़कर मंच तक पहुंचे लोग

प्रयागराज (आभा)। प्रयागराज में राहुल गांधी और अखिलेश यादव की सभा में जबरदस्त हंगामा हो गया। भीड़ बेकाबू हो गई और बैरिकेडिंग तोड़कर मंच तक पहुंच गई। पुलिस ने लाठियां पीटीं तो भगदड़ मच गई। मौके की नजाकत को भांपते हुए राहुल–अखिलेश बिना भाषण दिए ही लौट गए। रैली का आयोजन फूलपुर लोकसभा सीट के पड़िला महादेव फाफामऊ में किया गया था। बताया जाता है कि इंडिया गठबंधन की रैली में राहुल और अखिलेश के आने की जानकारी पर हुजूम उमड़ पड़ा था। राहुल गांधी और अखिलेश यादव हेलीकाप्टर से पहुंचे तो उन्हें देखने के लिए भीड़ बेकाबू हो गई।

राहुल–अखिलेश के मंच पर पहुंचते ही भीड़ बैरिकेडिंग तोड़कर डी के अंदर घुस गई। तमाम कार्यकर्ता मंच पर चढ़ गए। इसके बाद राहुल और अखिलेश नाराज हो गए। दोनों नेता मंच से चले गए। सपा एमएलसी मान सिंह यादव ने हंगामे का ठिकरा



भाजपा पर फोड़ा है। कहा कि विशाल जनसभा में पहुंची भीड़ को देखकर भाजपा की साजिश से फोर्स की व्यवस्था नहीं की गई। इस वजह से अव्यवस्था फैली है।

फूलपुर लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अमरनाथ मौर्या के समर्थन में आयोजित इण्डिया गठबंधन की संयुक्त जनसभा में राहुल गांधी और अखिलेश यादव लोगों को संबोधित करने पहुंचे थे।अखिलेश यादव और राहुल गांधी के पहुंचते ही भीड़ ने पहले हेलीपैड के पास लगी बैरिकेडिंग तोड़ दी। इसके बाद जब राहुल–अखिलेश मंच पर पहुंचे तो सबसे पहले डी के ठीक सामने वाली बैरिकेडिंग टूटी और भीड़ अंदर घुस आई।

इसी बीच चारों तरफ की बैरिकेडिंग टूटने लगी। पुलिस ने रोकने की कोशिश की लेकिन कोई सफलता नहीं मिल सकी। भीड़ का शिकार सबसे पहले मीडिया वाले हुए। कई मीडिया वाले भीड़ के कारण जमीन पर गिर गए। कुछ लोगों के कैमरे टूट गए। कई मीडिया वालों को चोट लगी है। एक फोटोग्राफर का पैर फ्रैक्चर हो गया है।

लोग एक दूसरे को कुचलकर आगे बढने लगे तो मंच से लोगों से शांत रहने की अपील हुई लेकिन इसका भी कोई फायदा नहीं हुआ। भीड़ को मंच के बिल्कुल करीब देख अखिलेश और राहुल की सुरक्षा में लगे जवानों को हाथ पैर फूलने लगे।

इससे पहले कि वीआईपी नेताओं को किसी तरह की दिक्कत होती बिना भाषण ही राहुल और अखिलेश ने वापस लौटने का फैसला कर लिया। सुरक्षाकर्मियों और पुलिस की घेरेबंदी में दोनों नेताओं को हेलीकाप्टर तक पहुंचाया गया और दोनों लौट गए।

# जब भी 400 पार बोला जाता है सपा वालों को चक्कर आने लगता है– योगी

प्रयागराज (आभा)। लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए प्रचार ने तेजी पकड़ी ली है। रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाजावादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव राहुल गांधी के साथ प्रयागराज में थे। एक तरफ राहुल–अखिलेश की जनसभा में भीड़ के कारण दोनों का भाषण नहीं हो सका तो दूसरी तरफ सीएम योगी ने सपा पर करारा हमला बोला। प्रयागराज के ही माफिया अतीक अहमद और गाजीपुर के मुख्तार अंसारी को सपा का शागिर्द बताया। सीएम योगी ने बिना अतीक और मुख्तार का नाम लिए कहा कि जब भी 400 पार बोला जाता है सपा वालों को चक्कर आने लगता है। चक्कर इसलिए भी आता है क्योंकि प्रयागराज वाले (अतीक अहमद) और



गाजीपुर वाले (मुख्तार अंसारी) मिट्टी में मिल गए। अभी चक्कर आ रहा है, जब 400 पार होंगे तो पता नहीं क्या होगा। 400 पार इसलिए चाहिए क्योंकि पाक अधिकृत कश्मीर को भारत माता का हिस्सा बनाया जा सके।

सीएम योगी ने कहा कि सात चरण के चुनाव है। पांचवां चरण का चुनाव कल है। सभी को पता है कि चार जून को क्या होने जा रहा है। चार जून के परिणाम के बारे में जनता को पहले से पता है। सभी जानते हैं कि चाहे जितना जोर लगा लो आएंगे तो मोदी ही। जनता कहती है जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे। इसलिए नारा निकल चुका है फिर एक बार मोदी सरकार।

सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार गरीबों के खून को चूसने वाले माफियाओं को खत्म करके ही रहेगी। उन्होंने कहा कि सपा बसपा की सरकारों में बेटी, व्यापारी, किसान सुरक्षित नहीं थे और सरकार माफिया आतंकवादियों के पास नतमस्तक थी और आज यूपी में अब दंगा कर्फ्यू नहीं होता है, दंगा कर्फ्यू करने वाले का राम नाम सत्य हो गया। विपक्ष पर कटाक्ष कहते हुए कहा कि जब सपा बसपा कांग्रेस इंडी गठबंधन के रूप में एक होते हैं तो देश के लिए ठीक नहीं होता।

# हरीश द्विवेदी के लिये धनंजय सिंह ने किया सभा

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

विक्रमजोत (बस्ती)। विक्रमजोत ब्लॉक क्षेत्र में पचवस और गुण्डाकुंवर गांव में जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने जन सभा करके हरीश द्विवेदी के लिए जाति और क्षेत्रवाद से ऊपर उठ कर राष्ट और उन्नत समाज के लिए बढ़ चढ़ कर मतदान करने की अपील किया।

रविवार की दोपहर दो बजे पचवस में आयोजित जनसभा कार्यक्रम में पहुंचे धनंजय सिंह का फूलमाला पहना कर जोरदार स्वागत हुआ। जनसभा को संबोधित करते हुए जौनपुर से जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने कहा कि उन्नत राष्ट्र और भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण के लिए भारतीय जनता पार्टी को मतदान करें। सांसद हरीश द्विवेदी के साथ अपने 35 साल के मित्रवत संबंधों का जिक्र करते हुए उन्होंने



कहा कि सांसद हरीश द्विवेदी ने अपने भाई या परिवार के किसी सदस्य को विधायक या ब्लॉक प्रमुख बनाने का काम नहीं किया बल्कि बस्ती की विकास के लिए 84 को परिक्रमा मार्ग राम जानकी मार्ग बस्ती रिंग रोड सहित मकोड़ा श्रृंगी नारी रामरेखा अमौलीपुर चतुर्भुजी मंदिर सहित तमाम धार्मिक स्थलों के विकास के लिए दिल खोलकर मदद की है। कार्यक्रम को सांसद प्रत्याशी हरीश द्विवेदी, चंद्रमणि पांडे सुदामा, डॉ.अरविंद कुमार सिंह, अखंड प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य भानू प्रताप सिंह आदि ने सम्बोधित किया।

# वाहन से डेढ़ लाख रूपये बरामद

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। एफएसटी टीम व छावनी पुलिस के संयुक्त वाहन जांच के दौरान छावनी थाना क्षेत्र के हाइवे पर रामजानकी तिराहे पर एक वाहन से डेढ़ लाख रूपये बरामद किया गया ।प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी तथा फ्लाइंग स्कॉट टीम के कार्यपालक मजिस्ट्रेट राम कृपाल मय पुलिस टीम के द्वारा थाना क्षेत्र के रामजानकी तिराहा छावनी से सामान्य लोक सभा निर्वाचन– 2024 के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के रामजानकी तिराहा पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग के दौरान एक चार पहिया वाहन संख्या यूपी 53ईएस 2800 कार टाटा नेक्सान के डेस्क बोर्ड



बॉक्स में रखा हुआ 1.5 लाख कैश बरामद हुआ। वाहन चालक संतोष पाण्डेय पुत्र चिंतामणि पाण्डेय निवासी एच ६ 3 हीरापुरी कालोनी विश्वविद्यालय परिसर थाना कैंट गोरखपुर से कैश के बारे में पूंछतांछ व कागजात की मांग की गई तो कोई कागजात प्रस्तुत नही कर सके और न ही कोई दस्तावेज प्रस्तुत कर सके ।प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि बरामद धन को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही की गयी है ।जांच के दौरान एसआई अनिरुद्ध यादव, हेड कांस्टेबल राघवेन्द्र दूबे, कांस्टेबल मुकेश यादव, अनिल यादव मौजूद रहे।

# पूर्वान्चल में चल रही है इण्डिया गठबंधन के पक्ष में लहर

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी बसन्त चौधरी ने दावा किया कि पूर्वान्चल में इण्डिया गठबंधन की लहर चल रही है। भाजपा के जन विरोधी नीतियों से ऊबे लोग लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिये भाजपा प्रत्याशियों को सिरे से नकार रहे हैं। वे रविवार को बड़े बन स्थित शिविर कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।



## –बसन्त चौधरी ने किया बस्ती मण्डल के तीनों सीटों पर गठबंधन प्रत्याशियों के जीत का दावा

पत्रकारों से बातचीत में बसन्त चौधरी ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी के साथ ही पार्टी के अनेक नेताओं पर देश की जनता ने अटूट भरोसा किया है। यही कारण है कि करारी हार को देखते हुये भाजपा नेताओं की भाषा बिगड़ गई है और वे मर्यादाहीन आचरण करने लगे हैं। पत्रकारों के प्रश्नों का उत्तर देते हुये बसन्त चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सपा प्रमुख अखिलेश यादव और राहुल गांधी की जोड़ी ने मतदाताओं का भरोसा जीत लिया है। पिछड़ावर्ग, अल्पसंख्यक, दलित समाज के साथ ही सर्व समाज की एकजुटता का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश में गठबंधन की लहर चल रही है। कहा कि आम आदमी पार्टी नेता अरविन्द केजरीवाल ने वातावरण सृजन में शानदार योगदान किया है। कहा कि इण्डिया गठबंधन की एकजुटता और सामूहिक प्रयासों ने भाजपा के मंसूबों पर पानी फेर दिया है। बस्ती लोकसभा क्षेत्र में पूर्व कैबिनेट मंत्री राम प्रसाद चौधरी के पक्ष में लहर चल रही है। दावा किया कि अपार जन समर्थन से वे जीत का रेकार्ड बनायेंगे, कांग्रेंस के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत झोंक दिया है।

प्रेस वार्ता में कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ज्ञानू ने कहा कि पार्टी ने गठबंधन प्रत्याशी पूर्व कैबिनेट मंत्री राम प्रसाद चौधरी की जीत सुनिश्चित करने के लिये बूथवार तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है और कांग्रेस, सपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता परस्पर समन्वय से गांव–गांव जाकर लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिये आवाहन कर रहे हैं। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष मो. रफीक खान, विश्वनाथ चौधरी, जिला महासचिव गंगा मिश्र के साथ ही कांग्रेस के अनेक नेता, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

